an>

Title:Need for four laning of Kalyan Nagar highway in Bhiwandi Parliamentary Constituency of Maharasthra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : अध्यक्ष महोदया, मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में महामार्ग क्रमांक 222 है जो कल्याण से लेकर अहमदनगर तक जाता है, जो अभी फिलहाल 7 मीटर चौड़ा है। कल्याण जंक्शन होने की वजह से और मुम्बई से कल्याण में ज्यादा लोगों के रहने के लिए आने की वजह से इस रोड पर बहुत ज्यादा यातायात बढ़ गया है। अभी इस रोड की चौड़ाई 7 मीटर होने की वजह से और यातायात ज्यादा होने की वजह से रोज़ाना वहाँ पर एक्सीडेंट होते रहते हैं और रोज़ाना कोई न कोई आपत्ति आती रहती है। सालाना सौ से सवा सौ लोग उसमें गंभीर रूप से ज़ख्मी होते हैं या अपनी जान गँवाते हैं। इस रोड का सर्वे भी कराया गया है और 80 प्रतिशत जो ज़मीन है, वह अधिग्रहीत भी हो गई है। मेरी आपके माध्यम से परिवहन मंत्रालय से विनती है कि ज़मीन अधिग्रहीत होने की वजह से इस रोड का जल्द से जल्द टैन्डर निकालकर यह रोड फोर लेन करना ज़रूरी है। इसे फोर लेन करने की जल्द से जल्द कृपा करें और जो यातायात ज्यादा है, उससे जनता को राहत दिलाएँ।

HON. SPEAKER:

Shri Dilipkumar Mansukhlal Gandhi is permitted to associate with the issue raised by Shri Kapil Moreshwar Patil.